VPS EC/R/P/24/00011 स्पीड पोस्ट

भारत के उप -राष्ट्रपति का सचिवालय
SECRETARIAT OF THE VICE- PRESIDENT OF INDIA
नई दिल्ली -110011 (भारत)
NEW DELHI – 110011 (INDIA
TEL.: 011-23016344

**फाइल संख्या वीपीएस-55/1-आरटीआई/88/2023-2024** **19 फरवरी, 2024**

सेवा में,

श्री मामचंद
मार्फत बी-877, महावर नगर,
कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली-110003

**विषय:- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना हेतु।**

महोदय,

कृपया उक्त विषय में आपका दिनांक -- का आर टी आई आवेदन पत्र इस सचिवालय में 09.02.2024 को प्राप्त हुआ है, जिनके साथ बीस रूपये का पो॰आ॰सं॰ 18जी 309866 संलग्न कर बिन्दुवार सूचना उपलब्ध करने हेतु निवेदन किया है।

इस विषय में आपको अवगत करना है कि **आपके द्वारा मांगी गई सूचना का विषय इस सचिवालय से संबन्धित नहीं है।** सचिवालय के दिशा-निर्देश के अनुसार एक साल से अधिक शिकायत/अर्जी का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा जाता, इस लिए यह सचिवालय आपको किसी भी प्रकार की जानकारी/सूचना दे पाने में असमर्थ है।

उपरोक्त के आलोक में, यह सूचित किया जाता है कि आरटीआई माध्यम से शिकायत दर्ज करना और/या संबंधित सार्वजनिक प्राधिकरण से संबंधित आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 2 (एफ) के तहत परिभाषित जानकारी के अलावा अन्य विवरण मांगना आरटीआइ के दायरे में नहीं आता है।

अतः आपको परामर्श है कि आप इस विषय में सीधे संबन्धित राज्य/मंत्रालय/विभाग से संपर्क करें।

राजेश

**(राजेश कुमार शर्मा)**
**केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी**
rticell-vps@nic.in

SPEED POST
22/2/24

RTI No. 88

सेवा में
श्रीमान जन सूचना अधिकारी
उप-राष्ट्रपति महोदय, भारत सरकार,
नई दिल्ली

Vice President's Secretariat New Delhi 343 9/2/24

विषयः- सूचना अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र।

महोदय,

प्रार्थी वरिष्ठ नागरिक है और पैरों की तकलीफ की वजह से चलने फिरने में कुछ परेशानी है ।

प्रार्थी ने तारीख दिनांक 03.06..2022 को एक प्रार्थना पत्र दिया था ~~[illegible]~~ ऑन पेज । जिसका विषय था आपके राज्य में । राजधानी दिल्ली में पुलिस और डी.डी.ए. के कर्मचारियों के द्वारा दिन दहाडे डाका । विषयः पुलिस के द्वारा और पुलिस की मौजूदगी में प्रार्थी के जनता फ्लैट नं.75बी जाली नाम शिवाजी एन्कलेव विस्तार, नई दिल्ली7110027 जनता कॉलोनी विस्तार में से डी.डी.ए. के उच्च अधिकारी/कर्मचारियों, बदमाश गुण्डो व पुलिस के साथ मिलकर दिनांक 13.05.2022 को

09.02.24

SP

दिन के समय सबके समाने प्रार्थी के मकान का ताला तोड़कर उसमें रखे घर का सारा सामान, 46 हजार रुपये नकद व किमती कागजात बगैरा उठाकर/डाका डालकर ले गये के सम्बंध में एफ. आई.आर दर्ज करने के लिये शिकायत पत्र व दोषी पुलिस व डी.डी.ए. के अधिकारियों व उनके गुण्डे लोगों के विरुद्व एफ.आई.आर दर्ज करके कोर्ट में चलान पेश करने व मुकदमा चलवाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र ।

1. महोदय जी मुझे बताया जाये कि इस प्रार्थना पत्र पर क्या कार्यवाही की गयी ।

2. मुझे बताया जाये कि क्या एफ.आई.आर दर्ज की गयी ।

3. मुझे बताया जाये अगर कार्यवाही नहीं की गयी तो क्यों नहीं की गयी मुझे उसका कारण बताया जायें।

4. मुझे बताया जाये कि पुलिस ने किस कारण से एक्ट सैक्शन से नोटिफिकेशन, रेसुलेशन से यह ताला तोड़कर डकैती डलवाई ।

अत: श्रीमान जी से निवेदन है कि जल्द से जल्द प्रार्थी को specific clear parawise सूचना भेजने की कृपा करें ।

प्रार्थी

मामचंद

मामचन्द
मार्फत बी–877, महावर नगर,
कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली–110003
फोन नं. 9350147413

कापि संलग्न :- Rs. 20/- पोस्टल आर्डर नं. 186 309866